# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

**दिनांक : 28.08.2026** **समय : 1905**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली में बच्चों और विद्यार्थियों के साथ रक्षाबंधन मनाया।
2. प्रधानमंत्री जन–धन योजना के 12 वर्ष पूरे, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्तीय समावेशन और देशवासियों के सशक्तिकरण में योजना के अभूतपूर्व योगदान को परिवर्तनकारी और बेमिसाल बताया।
3. मायाबंदर के महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय में दक्षता पाठ्यक्रम पूरा करने वाले छात्रों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।
4. अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य भूमि और द्वीपों के बीच उड़ानों की कमी तथा अधिक हवाई किराए का मुद्दा केंद्र और प्रशासन के समक्ष उठाया।

<><><><><><><>

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नई दिल्ली में विभिन्न स्कूलों और संगठनों के बच्चों तथा विद्यार्थियों के साथ रक्षाबंधन मनाया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि रक्षाबंधन का महत्व भाई–बहन के रिश्ते से कहीं आगे है। राखी का पवित्र धागा, परिवार के सदस्यों, मित्रों और यहां तक कि पेड़ों को भी बांधा जा सकता है, जो प्रेम और देखभाल के बंधन का प्रतीक है। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि रक्षाबंधन प्रेम, विश्वास और सुरक्षा के सुंदर बंधन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार सभी के बीच स्नेह और सद्भाव के बंधन को मजबूत करे तथा खुशहाली और समृद्धि लाए।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री जन–धन योजना के 12 वर्ष पूरे हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में आज ही के दिन इस योजना की शुरुआत की थी। श्री मोदी ने कहा है कि पिछले 12 वर्षों में जन–धन योजना के अभूतपूर्व और परिवर्तनकारी परिणामों का प्रभाव बेमिसाल रहा है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि जन–धन योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और देशवासियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के तहत अब तक उनसठ करोड़ से अधिक खाते खोले जा चुके हैं, जिनमें कुल जमा राशि 3 लाख 17 हजार करोड़ रुपये है। यह दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेशन पहलों में से एक है और सभी भारतीयों के लिए बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच को आसान बना रही है। योजना के तहत करीब अठहत्तर प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं, जबकि लगभग छप्पन प्रतिशत खाते महिलाओं के हैं।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 अगस्त को सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ सैंतीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

महात्मा गांधी राजकीय महाविद्यालय, मायाबंदर में स्किल इंडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र की ओर से दक्षता 1.0 पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले छात्रों को कल प्रमाणपत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर. वी.आर. मूर्ति मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। स्किल इंडिया प्रशिक्षण कार्यक्रम केंद्र के नोडल अधिकारी डॉ. एम. सेल्वम और सभी विभागों के प्रमुख भी समारोह में शामिल हुए। डिजिटल साक्षरता के मूल सिद्धांत और आईटी प्रोफेशनल स्किल्स पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा करने वाले 16 छात्रों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। समारोह में छात्रों की शैक्षणिक, व्यावसायिक और रोजगार संबंधी दक्षताओं को बेहतर बनाने में डिजिटल साक्षरता और आई टी से जुड़ी क्षमताओं के महत्व पर जोर दिया गया।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर स्थित कलकत्ता उच्च न्यायालय की सर्किट बेंच की विधिक सेवा समिति की ओर से 12 सितंबर को तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत का आयोजन न्यायालय परिसर में सुबह 10 बजे से होगा। समिति की ओर से संबंधित पक्षकारों से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

रक्षाबंधन के अवसर पर अंडमान निकोबार राज्य कर्मचारी महासंघ ने नगरपालिका स्वच्छता कर्मचारी संघ के साथ मिलकर आज सभी 24 वार्डों में सफाई मित्रों के साथ रक्षाबंधन का पर्व मनाया। इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ की राज्य अध्यक्ष वेंकट लक्ष्मी ने वार्ड नंबर 22, ब्रिचगंज में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जबकि भारतीय मजदूर संघ के पूर्व राज्य अध्यक्ष एम. वीरन्ना वार्ड नंबर 24 में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। विभिन्न वार्डों में आयोजित इन कार्यक्रमों में संबद्ध संघों और राज्य ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

<><><><><><>

अंडमान निकोबार चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने मुख्य भूमि और द्वीपों के बीच विमानों की कमी तथा अधिक हवाई किराए का मुद्दा विभिन्न स्तरों पर उठाया। इससे पर्यटन, व्यापार और द्वीपवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। चैंबर के प्रतिनिधिमंडल ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर अधिक हवाई किराए और अपर्याप्त हवाई संपर्क की समस्या से अवगत कराया। इसके अलावा केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री, अंडमान निकोबार प्रशासन के मुख्य सचिव और सांसद के समक्ष भी यह मुद्दा उठाया गया। चैंबर के प्रतिनिधियों ने हवाई अड्डा निदेशक, नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों तथा प्रमुख विमानन कंपनियों के प्रतिनिधियों से भी मुलाकात कर मुख्य भूमि और द्वीपों के बीच विमानों की संख्या और यात्री क्षमता बढ़ाने का अनुरोध किया।

<><><><><><>

अंडमान विधि महाविद्यालय द्वारा संचालित बी.ए. एलएल.बी. पाठ्यक्रम में रिक्त सीटों के लिए चौथी काउंसलिंग 5 सितंबर को आयोजित की जाएगी। काउंसलिंग का आयोजन कॉलेज सभागार में सुबह 10 बजे से होगा। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित समय पर काउंसलिंग में उपस्थित हो सकते हैं।

<><><><><><>

कृषि निदेशालय के अंतर्गत संचालित केंद्र शासित प्रदेश कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन एजेंसी में अनुबंध के आधार पर कंप्यूटर ऑपरेटरों के पदों पर नियुक्ति के लिए साक्षात्कार 4 सितंबर को सुबह 11 बजे हेडो स्थित कृषि निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा। चयनित उम्मीदवारों से अपने मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय से आधा घंटा पहले साक्षात्कार स्थल पर उपस्थित होने को कहा गया है।

<><><><><><>

अंडमान–निकोबार तटीय क्षेत्र प्रबंधन प्राधिकरण के अंतर्गत अनुबंध के आधार पर सलाहकारों की नियुक्ति के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी गई है। पात्र उम्मीदवारों का साक्षात्कार 3 सितंबर को दोपहर ढाई बजे से वन सदन के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><>

अंडमान तथा निकोबार प्रशासन के स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की ओर से एएनएम और प्रयोगशाला सहायक के कुल पैंसठ पदों पर छह महीने की अल्पकालिक संविदा नियुक्ति के लिए सीधी भर्ती साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। एएनएम के इक्यावन और प्रयोगशाला सहायक के 14 पद रिक्त हैं। उम्मीदवारों को निर्धारित साक्षात्कार समय से एक घंटा पहले स्वास्थ्य सेवा निदेशालय, श्री विजय पुरम के सम्मेलन कक्ष में उपस्थित होना होगा।

<><><><><><>

एम.वी. स्वराज द्वीप 31 अगस्त को सुबह 10 बजे राजधानी श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा। अतिरिक्त सामान 30 अगस्त को दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे के बीच जहाज पर चढ़ाया जाएगा। यात्रियों के जहाज पर चढ़ने की प्रक्रिया 31 अगस्त को सुबह 7 बजे से 9 बजे के बीच होगी।

<><><><><><>

दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में कल दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे के बीच परीक्षण के उद्देश्य से सुनामी साइरन बजाए जाएंगे। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि परीक्षण के दौरान बजने वाले साइरन को लेकर किसी प्रकार की अफवाह या भ्रम में न आएं।

<><><><><><>